### मामला बीएसएनएल का....

# अधिकारियों की लापरवाही उड़ा रही है ब्रॉडबेंड सुविधा की धज्जियां

## कई-कई दिन बंद रहता है नेट, लेंडलाइन भी रहते हैं मृत अवस्था में

*करामत खान-ब्यूरो चीफ*

**खंडवा।** जिला खंडवा के अंतर्गत बीर से संचालित होने वाले बांगरदा एक्स चैंज के इन दिनों बुरे हाल है। बांगरदा एक्सचेज से दी गयी उपभोक्ताओं को ब्रॉडबैंड सुविधा पूरी तरह चरमराई हुई है, कभी नेट बंद तो कभी टेलीफोन मृत अवस्था में रहते है, ऐसे में सरकार द्वारा बी.एस.एन.एल. को बढ़ावा देना एवं आए दिन ब्रॉडबैंड का बखान करना मानो बेमानी नजर आ रही है।

**बांगरदा में ब्रॉडबैंड सुविधा है ध्वस्त** - ग्राम बांगरदा जहां टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित है, यहां की ब्रॉडबैंड सुविधा एवं लेंड लाइन पूरी तरह ध्वस्त पड़ी है। एक्सचेंज कार्यालय पर कोई कर्मचारी-अधिकारी नहीं होने से व्यवस्थाएं पूरी तरह गड़बड़ाइ हुई है। यहां एक कर्मचारी है, उसकी ड्युटी भी बांगरदा से हटाकर जावर लगा दी गयी है।

**विद्युत लाइन पर आश्रित है, टेलीफोन** - बांगरदा टेलीफोन एक्सचैंज पूरी तरह विद्युत लाइन पर आश्रित है, न तो यहां जनरेटर चलता है, और न ही यहां लगी बैटरियां सही है, सो विद्युत लाइन बंद होते ही मात्र एक मिनट के भीतर टेलीफोन बंद हो जाते हैं।

**बंद पड़ी है ब्रॉडबैंड सुविधा** - बांगरदा टेलीफोन एक्सचैंज के तहत आने वाले एक उपभोक्ता ने बताया कि 17 जुलाई को ब्रॉडबैंड सुविधा चालू कराई गयी थी, जो 5 दिन चलने के बाद 22 जुलाई से 1 अगस्त तक बंद रही। कई अधिकारियों को फोन करने के बाद टेलीफोन इंजीनियर मंडलोई ठीक करने आये जो मात्र 3 दिन चलने के बाद पुनः बंद हो गयी, जो आज तक बंद पड़ी है।

**कई बार की गई शिकायत** - इस बात को लेकर कई बार टेलीफोन एस.डी.ओ.को 94250-01444 पर, सब इंजीनियर को 75875-76741 पर, टी.डी.एम.कार्यालय में 0733-2225000 पर, तथा टेलीफोन पी.आर.ओ. श्री बागरदे को 94251-48100 पर शिकायत की गयी किन्तु उसके बाद भी ब्रॉड बैंड सुविधा सुचारू नहीं हुई।

**उपभोक्ता ने दिया टेलीफोन काटने का आवेदन** - चरमराई हुई टेलीफोन व्यवस्था से परेशान होकर टेलीफोन उपभोक्ता ने टेलीफोन नं. 07323-266060 को काटने एवं ब्रॉडबेंड सुविधा खत्म करने का आवेदन एस.डी.ओ.टेलीफोन के नाम भेज दिया है।

**और अंत में** - बी.एस.एन.एल.के अधिकारियों, कर्मचारियों की लापरवाही एवं मनमानी पूर्ण रवैये के कारण ही आज उपभोक्ता बीएसएनएल से दूर होते जा रहे हैं।

# शिक्षक की नियुक्ति की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे स्कूली बच्चे

**खंडवा, (निप्र)।** जिले के छैगांवमाखन ब्लाक के ग्राम देवलामाफी की नवीन हाईस्कूल में शिक्षक नहीं होने से शनिवार को सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं कलेक्टर कार्यालय पहुंची। छुट्टी होने के कारण कोई अधिकारी नहीं मिला तो स्कूली बच्चों ने अपनी शिकायत फोन करके कलेक्टर को बताई। तब जाकर शिक्षा अधिकारी ने पहुंचकर छात्रों की समस्या सुनी और जल्द हल करने की बात कही। कुछ दिन पहले भी शिक्षक नहीं होने की शिकायत लेकर स्कूली छात्र कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। जिनका तुरंत समाधान हो गया था।

देवलामाफी गांव की हाईस्कूल में शिक्षक नहीं होने से पचास से ज्यादा नवमी-दसवीं के छात्र कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इन्होंने बताया कि मिडिल वाले छात्र को पढ़ाने के लिए दो टीचर है और हमको पढ़ाने वाले कोई नहीं है। ये बच्चे अपनी शिकायत लेकर जब कलेक्टर कार्यालय पहुंचे तो यहां छुट्टी होने से कोई नहीं मिला तो इन छात्रों ने कलेक्टर साहब को फोन लगाकर अपनी समस्या सुनाई तब काफी इंतजार के बाद शिक्षा अधिकारी पहुंचे और इनकी पीड़ा सुनी। इन्होंने अधिकारी को बताया कि स्कूल शुरू हुई तब से रेगुलर पढ़ाने वाला शिक्षक नहीं है जिससे पढ़ाई नहीं हो पा रही है। हमने अभी तक कुछ भी नहीं पढ़ा है और कुछ दिन बाद हमारी परीक्षा है तो हम क्या लिखेंगे। दो दिन में हमारी स्कूल में शिक्षक नहीं आया तो हम 15 अगस्त के आयोजन में नहीं जाएंगे और न ही झंडा वंदन करेंगे।

छात्रों से आए उनके पालकों ने कहा कि गांव में इसी साल शासन ने हाईस्कूल शुरू की गई है, पर यहां शिक्षकों की कमी है जिससे हमारे बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। देवलामाफी की स्कूल में शिक्षक नहीं होने से पास के गांव की स्कूल में भी बच्चों को एडमिशन नहीं दे रहे हैं। कुछ दिन पहले भी स्कूल में शिक्षक नहीं होने की शिकायत लेकर स्कूली छात्र कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे और छात्रों की समस्या सुन कलेक्टर अभिषेक सिंह ने तुरंत समाधन कर दिया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने इन छात्रों समस्या को जल्द हल करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि देवलामाफी स्कूल के लिए अतिथि शिक्षक की नियुक्ति के लिए आवेदन आये है। जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

# समाज में प्रतिभावानों की कमी नहीं- दीवान

**खंडवा, (निप्र)।** आज सिंधी समाज के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि हमारे बालक-बालिकाओं द्वारा समाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर अपने कुटुम्ब का नाम रोशन कर रहे हैं। मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि समाज में प्रतिभावानों की कमी नहीं है। उक्त उद्बोधन श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान ने श्री झूलेलाल समर्थ पैनल द्वारा आयोजित झूलेलाल मंदिर में सम्मान समारोह में दिए। यह जानकारी देते हुए श्री झूलेलाल समर्थ पैनल अध्यक्ष प्रदीप कोटवानी एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि चालीहा साहब के अंतर्गत रात्रि 8 बजे श्री झूलेलाल जी की आरती पश्चात समाज के प्रदीप संतवानी, लेखराज हेमवानी, पार्षद विक्रम सहजवानी, प्रकाश आहूजा, हरीश आसवानी, गोवर्धनदास नेभनानी आदि के आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान की अध्यक्षता में गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित हुआ। पैनल के दीपू हिंगोरानी ने बताया कि चेट्टीचंड महोत्सव के दौरान आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत लगभग 300 बालक-बालिकाओं ने अपने प्रतिभा से उपस्थितों का मन मोह लिया था उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के मनोहरलाल सभनानी, जीवतराम रेवतानी, सुनील कृपलानी, राजेश वाधवा, किशोर लाललानी, शुभ्रन्त वासवानी, कमलेश हिरानी, रोहित आरतवानी आदि सहित नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं के साथ ही माता-बहनें उपस्थित थी। इस सम्मान समारोह का सफल संचालन घनश्याम वाधवा एवं अंत में आभार अनिल सभनानी ने व्यक्त किया।

# विश्व शांति एवं किसानों की समृध्दि के लिए किया अखंड रामायण पाठ

**शाहपुर, (निप्र)।** श्रावन मास के पावन अवसर पर शाहपुर नगर के प्राचिन श्रीराम मंदिर में श्रीराम चरित्र मानस सुन्दरकाण्ड मंडल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विष्व शांति एवं किसानो की समृध्दि के लिये अखंड रामायण पाठ किया गया। रामायण समिति के अध्यक्ष रविन्द्र पाटील ने बताया कि शनिवार प्रात 8 बजे हनुमानजी एवं षिवजी के अभिषेक के साथ रामायण पाठ का प्रारंभ किया गया। जिसमें महिलाओं ने भी अपनी हाजरी लगाई। नगर के महाकाल दल एवं गौपुत्र सेना के विषेष सहयोग रहा। तथा रात्रि में जिले के विभिन्न भजन मंडलो द्वारा भजनो की प्रस्तुती दी गई। उक्त अवसर पर संरक्षक चन्दषेखर शर्मा, पुंडलिक बारी, अध्यक्ष रविन्द्र पाटील, अनुप महाजन, रमनसिंह परदेषी, आलोक बोरसे, केतन शर्मा, देवेन्द्र चैधरी, योगेष जटाले, योगेष पाटील, स्वपनिल महाजन, अखिलेष दीक्षित, आदि कार्यकर्ता उपस्थत थे।

### नाचनखेड़ा-सिरसौदा-शाहपुर एवं हतनूर-बहादरपुर

# बिरोदा-पाडल्या सड़क निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू-चिटनीस

**बुरहानपुर, (निप्र)।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) के प्रयासों से रेणुका माता मंदिर रोड से हतनूर, बहादरपुर, बिरोदा-पाडल्या होकर महाराष्ट्र रावेर को जोड़ने वाला मध्यप्रदेश की सीमा की सड़क का कार्य शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। इस मार्ग की कुल लम्बाई 14.75 किमी होगी। जिसका निर्माण पूर्व सर्वेक्षण प्रारंभ कराया जा चुका है। इस सड़क की लागत 2417 लाख है। हतनूर, बहादरपुर, बिरोदा-पाडल्या क्रांकिट सड़क 5.5 मीटर चैड़ाई की स्वीकृत होकर इसके मध्य में आने वाले 10 नालों पर पुल-पुलिया का भी निर्माण के लिए ठेकेदार से शासन द्वारा अनुबंध किया जा चुका है। इस कार्य को अगस्त 2018 तक पूर्ण कराने हेतु एजेंसी को निर्देशित किया गया है।

ज्ञात रहे बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र की जागरूक जनप्रतिनिधि श्रीमती चिटनिस हतनूर, बिरोदा, पाडल्या मार्ग निर्माण के लिए पिछले 5-6 वर्षों से लगातार प्रयास कर इसका स्टीमेंट बनवाने से लेकर म.प्र.शासन की एसएफसी और टेंडर प्रक्रिया को जल्द से जल्द कराने से कार्य प्रारंभ होने की स्थिति में आ चुका है। इसी प्रकार शाहपुर, नाचनखेड़ा 10 किमी मार्ग को नवीनीकृत और सुदृढ़ बनाने का ठेकेदार से भी अनुबंध किया जा चुका है। नाचनखेड़ा-शाहपुर मार्ग के निर्माण कार्य की निविदा कार्यवाही पूर्ण होकर कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है, जिसकी लागत लगभग 16.54 करोड़ रूपए है। इस मार्ग निर्माण से नाचनखेड़ा, भातखेड़ा, नेर, सिरसौदा आदि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणजनों का शाहपुर से संपर्क आसान हो सकेगा।इन मार्गों को निर्मित कराने की प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाने की कार्यवाही हेतु मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के लगातार प्रयासों पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री राजारामा पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य गुलचंदसिंह बर्ने, श्रीमती अर्चना योगेश महाजन, जनपद पंचायत अध्यक्ष किशोर पाटिल, उपाध्यक्ष अशोक महाजन, मंडलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, मुकेश शाह, नितीन महाजन, हेमंत शामू, गफ्फार मंसूरी, संभाजी सगरे, रूद्रेश्वर एंडोले, योगेश महाजन, गजानन महाजन, मनोहर चौधरी, विजय सपकाले, सुनिल महाजन, नगीन संवास, संभाजी चौधरी, मंडल महामंत्री रामदास पाटील, उमाकांत चौधरी, नवीन कुमार पाटीदार, रामभाउ सोनवणे, विनोद चौधरी, युवराज महाजन, प्रभाकर कोली, अरूण पाटील, नरहरी दीक्षित, विजय सपकाले, डॉ.महेन्द्र चौधरी, प्रदीप पाटिल, पांडुरंग चौधरी, सरपंच प्रवीण शहाणे, मुकेश लोढे, मनोज भंवरे, विठ्ठल चौधरी, विजय महाजन, मनोज महाजन, भास्कर पाटील, दिलीप गावडे, अशोक पाटील, गिरीश शाह, किशोर शाह, अरूण पाटील अंबाड़ा, बलिराम चौधरी, किशोर चौधरी, रविन्द्रसिंह खरबंदा एवं विनोद चौधरी आदि आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमारसिंह चौहान का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# माईनाईजेशन स्कीम का प्रचार-प्रसार तथा शिविरों का आयोजन करें - कान्ताराव

बुरहानपुर, (निप्र)। प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन, सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विभाग एवं उद्योग आयुक्त श्री वी.एल.कान्ता राव द्वारा बुधवार को लेलिलिक पावरलूम नगरी बुरहानपुर में पावरलूम से संबंधित सामजिक, प्रोसेसिंग, कारखानों तथा घर-घर में संचालित छोटे-छोटे पावरलूमों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एवं म.प्र.राज्य पावरलूम बुनकर सहकारी संघ मर्यादित बुरहानपुर के प्रबंध संचालक श्री रतीन त्रिपाठी, व्यवसाय प्रबंधक श्री एस.पी.पटेल के साथ पावरलूम इकाईयों के अंतर्गत विक्रमसिंह, सूतकूबी, सर्वोदय, पावरलूम समितियों, टेक्सटाईल प्रोसेसिंग एण्ड केमेण्डस्टिग को-ऑप. सोसायटी, बिताराम लिक्स मिल, नाडकी प्रोसेस का निरीक्षण किया तथा वहीं दूसरी ओर छोटी-छोटी ईकाइयों में स्थापित पावरलूम बुनकरों की जमीनी स्थिति को देखने के लिए लिलक वार्ड में जो. आरिफ, जो. इकबाल, निजाम कुरेशा, अब्दुल खालीद, हमीदखां में मजहूद अल्वार, अंसार नगर में सलीम अंसारी, रिकाबपुरा वार्ड में चमालाल प्रेमचंद, केसरव सुर्यवंशी द्वारा संचालित हो रहे पावरलूमों तथा उस घर से रहे कपड़े के उत्पादन को देखा। इसके बाद राज्य पावरलूम बुनकर संघ कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर श्री दीपक सिंह, संघ के अध्यक्ष श्री ज्ञानेन्द्र पाटील, उद्योग विभाग तथा पावरलूम सेवा केन्द्र के वरिष्ठ अधिकारीगण, टेक्सटाईल प्रोसेसिंग संस्था के अध्यक्ष श्री जगदीशलाल नवलानी, संचालकगण श्री रिकाबचंद पाटील, श्री हितेन नागवानी, श्री इस्माईल अंसारी, संघ के प्रबंध संचालक श्री रतीन त्रिपाठी, व्यवसाय प्रबंधक श्री एस.पी. पटेल, प्रबंधक लेखा श्री ज्ञानेन्द्र जैन उपस्थित रहे। बैठक में श्री ज्ञानेन्द्र पाटील द्वारा बताया गया कि पावरलूम इकाईयों को विद्युत कनेक्शन पर मिलने वाली वर्तमान सब्सीडी की राशि 125 रुपए को बढ़ाकर 250 रुपए प्रति यूनिट किया जाना चाहिए। प्रमुख सचिव ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस आशय का प्रस्ताव शीघ्र बनाने के निर्देश दिये। बैठक में पुराने पावरलूमों को माईनाईजेशन स्कीम पर भी चर्चा की गई।


## कॉलेज लेवल काउंसलिंग सत्र 2017-18 प्रवेश के लिए अंतिम अवसर

बुरहानपुर, (निप्र)। जिले के समस्त विद्यार्थी जो इंजिनियरिंग, डिप्लोमा एवं मेनेजमेंट पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते है उन सभी के प्रवेश के लिये कॉलेज लेवल काउंसलिंग के माध्यम से अंतिम अवसर उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थीयो के लिये तय. शिवकुमारसिंह मेमोरियल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स बुरहानपुर कॉलेज में व्यवस्था लाफ्योनहजावाद होगी।

**Gagan Gases Ltd.**
Regd. Office: 602 Sector 3, Pithampur.
CIN: L24111MP1986PLC004228

**NOTICE**

Notice is hereby given that the share transfer register of the company shall be closed from 20.09.17 to 26.09.17 (both days inclusive) for the purpose of Annual General meeting to be held on 26.09.17 at 10 A.M. at the registered office.

By order of the Board,
Place: Indore — K.R.Maheshwary
Date : 09/08/2017 — Chairman

**Gagan Gases Ltd.** Company No. 524624
Regd. Office: 602 Sector III, Pithampur, Distt. Dhar (MP) website : www.gagangases.com,
email : gagan@gagangases.com, CIN : L24111MP1986 PLC004228 (Rs. in lacs)

**UNAUDITED RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30.06.2017**

| S.No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2017 | 31.03.2017 | 30.06.2016 | 31.03.2017 |
| | | Un Audited | Audited | Un Audited | Audited |
| 1 | Total Income from operations | 13 | 23 | 14 | 99 |
| 2 | Net profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary Items*) | -3 | 6 | -2 | 13 |
| 3 | Net profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary Items*) | -3 | 3 | -2 | 13 |
| 4 | Net profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary Items*) | -3 | 3 | -2 | 13 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [ comprising profit/ (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 0 | 3 | 0 | 0 |
| 6 | Equity share capital | 451.85 | 451.85 | 451.85 | 451.85 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance sheet of the previous year. | -347 | -347 | -373 | -347 |
| 8 | Earnings Per share ( of Rs10/-each) (for continuing and discontinued operations)- i. Basic and Diluted | -0.07 | 0.13 | -0.04 | 0.24 |

NOTE: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange The full format of Quarterly Financial Results are available on the BSE website (www.bseindia.com), and on the Company's website (www.gagangases.com)

Date : 09.08.2017 — On behalf of the Board
Place : Indore — K.R. Maheshwary, Managing Director

**GORANI INDUSTRIES LIMITED**
Regd. 32-33, Sector-F, Sanwer Road, Indore (M.P)
website- www.goraniindustries.com email-id - sanjay.gorani@gmail.com
Telephone No.- 0731-2723201 Fax- 2420681 CIN:- L28121MP1995PLC009170
Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Year ended 30th June, 2017 (Rs. in Lacs except (EPS)

| PARTICULARS | Quarter Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|
| | (30/06/2017) | (30/06/2016) | (31/03/2017) |
| Total Income from operations (net) | 190.07 | 98.54 | 730.11 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or extraordinary items#) | 8.69 | (6.60) | 30.50 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 8.69 | (6.60) | 30.50 |
| Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 8.69 | (6.60) | 30.50 |
| Total Comprehensive Income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax)] | 8.69 | (6.60) | 30.50 |
| Equity Share Capital | 508.13 | 489.33 | 508.13 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited balance sheet of the previous year | - | - | (207.48) |
| Earnings per share (in Rs.) (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations): (a) Basic | 0.18 | (0.12) | 0.58 |
| (b) Diluted | 0.18 | (0.12) | 0.58 |

Note: A. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Website www.bseindia.com and on the Company' s Website www.goraniindustries.com.

B. The impact on net profit/(Loss), total commehensive income or other relevant financial items due to changes in accounting policies shall be disclosed by means of a foot note: N.A.

C. # - Exceptional items adjusted in the statement of profit and loss in accordance with Ind-AS Rules.

Note : The Financial Results for the Quarter ended 30.06.2017 have been reviewed by the Statutory Auditors as required under Regulations 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Figures for the quarter ended 30.06.2016 as per GAAP (Previously reported) have been restated as required in terms of Ind-AS for the purpose of these results.

For and on behalf of the Board — Anil Gorani
Place: Indore — Whole Time Director
Date: 11-08-2017 — DIN: 00055540

**PORWAL AUTO COMPONENTS LTD.**
CIN: L34300MP1992PLC006912
Regd. Office: Plot No. 209, Sector 1, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar, MP 454775 India
Tel No. (07292)-405101, Fax No. (07292)-405120
E-mail : admin@porwalauto.com website: www.porwalauto.com

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UN AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER ENDED ON 30.06.17 (In Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2017 | 30.06.2016 | 31.03.2017 | 31.03.2017 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 2557.14 | 2730.66 | 2435.79 | 9195.75 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 165.1 | 167.61 | 103.65 | 449.13 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 165.1 | 167.61 | 103.65 | 449.13 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 165.1 | 167.61 | 103.65 | 208.2 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | | | | |
| 6 | Equity Share Capital | 1510 | 1510 | 1510 | 1510 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year) | - | - | - | 3788.81 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | |
| | (a) Basic (in Rs.) | 1.09 | 1.11 | 0.69 | 1.38 |
| | (b) Diluted (in Rs.) | 1.09 | 1.11 | 0.69 | 1.38 |

Note: 1. The above financial results have been reviewed by Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at its meeting held on 12th August 2017.
2. Figures for the corresponding periods have been regrouped/ rearranged wherever necessary to make them comparable.
3. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Quarterly Financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Unudited Quarterly Financial results is available on the stock exchange website (www.bseindia.com) and on company's website (www.porwalauto.com)Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015.

For Porwal Auto Components Limited
Sd/-
Surendra utsavlal Jain
Whole time director
(DIN:- 00245154)
Place : Pithampur
Date : 12th August, 2017

**RAJRATAN** OUTPERFORM INDIA | THAILAND

**राजरतन ग्लोबल वायर लिमिटेड** www.rajratan.co.in
रजिस्टर्ड ऑफिस: राजरतन हाउस, 11/2 मीरा पथ, शेनु मार्केट, इंदौर-452003, (म.प्र.), इंडिया, फोन +91-731-2546401,
ई-मेल : investor.cell@rajratan.co.in
सीआईएन L27106MP1988PLC004778

**30 जून 2017 को समाप्त तिमाही हेतु गैर लेखा परिक्षित वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष**

(रू लाख में)

| विवरण | समेकित | | पृथक्कृत | |
|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही जून 30 2017 गैर लेखा परिक्षित | समाप्त तिमाही जून 30 2016 गैर लेखा परिक्षित | समाप्त तिमाही जून 30 2017 गैर लेखा परिक्षित | समाप्त तिमाही जून 30 2016 गैर लेखा परिक्षित |
| प्रचालनों से कुल आय | 7602.32 | 7274.19 | 4958.38 | 4360.07 |
| शुद्ध लाभ कर, अपवाद तथा असाधरण मदों से पहले | 483.18 | 805.51 | 196.29 | 381.16 |
| शुद्ध लाभ कर से पहले तथा अपवाद एवं असाधरण मदों के बाद | 483.18 | 805.51 | 196.29 | 381.16 |
| शुद्ध लाभ कर अपवाद एवं असाधरण मदों के बाद | 358.15 | 630.69 | 130.12 | 263.27 |
| अवधि के लिए कुल सम्पूर्ण आय [अवधि के लिए लाभ/ (हानि) (कर पश्चात) और अन्य सम्पूर्ण आय (कर पश्चात) सम्मिलित] | 350.58 | 622.54 | 124.12 | 256.67 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 435.18 | 435.18 | 435.18 | 435.18 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10 प्रत्येक का) | | | | |
| 1) मूल | 8.23 | 14.49 | 2.99 | 6.05 |
| 2) तनुकृत | 8.23 | 14.49 | 2.99 | 6.05 |

नोट: उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक ऐक्सचेंज में प्रस्तुत किये गए तिमाही के वित्तीय परिणामों का सारांकित रूप है। समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.rajratan.co.in) पर उपलब्ध है।

स्थान: इंदौर — बोर्ड की आज्ञानुसार
दिनांक: 11.08.2017 — सुनील चोरडिया, प्रबंध निदेशक